# देवरिया में नकली कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स का भंडाफोड़:वीट क्रीम और ब्लू हेवन के 1368 नकली प्रोडक्ट्स जब्त, दुकानदार पर मुकदमा



देवरिया जिले के रुद्रपुर कस्बे में एक दुकान से बड़ी मात्रा में नकली कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स बरामद हुए हैं। न्यू कविता स्टोर पर की गई छापेमारी में वीट क्रीम के 796 नकली पैक और ब्लू हेवन के 572 नकली आई लाइनर व मस्करा मिले।

ब्लू हेवन कॉस्मेटिक्स और रेकिट बेनकिजर इंडिया के लीगल मैनेजर अंकुर शर्मा को रुद्रपुर बाजार में नकली प्रोडक्ट्स की बिक्री की सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम के साथ दुकान पर छापेमारी की गई।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/deoria/news/fake-cosmetic-products-busted-in-deoria-135372436.html